## महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




**पानसेमल।** श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय में सेडमैप द्वारा उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी द्वारा आदेशित पीएम उषा सॉफ्ट कॉम्पोनेंट 5 गतिविधि अंतर्गत प्रायोजित बेसिक कंप्यूटर इंक्लूड और एमएस ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो संगीता भंडारी रही। कार्यक्रम में सेडमेप जिला समन्वयक अरविंद चौहान ने डिप्लोमा सीपीसिटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्था प्राचार्या द्वारा छात्राओं को सतत प्रैक्टिस करने को कहा गया तथा छात्राओं ने प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभव बताया। समापन कार्यक्रम में डॉ सुनील बागले डॉ मंजुला चौहान, ट्रेनिंग ऑफिसर राजेंद्र महाजन, डॉ आशा चौहान, अजय बागले, आयुष डुडवे, रितेश सोलंकी, अरुण यादव, इंदाश बोरसे, छात्रा मंदिरा जाधव, प्रियांशी, सारंग, तेजस्विनी, लक्ष्मी, रुचिता, सोनाली, अंजलि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आकाश गाडगे एवं आभार डॉ मंजुला चौहान ने व्यक्त किया।

## महाविद्यालय में हुआ रंगोली, वाद-विवाद और प्रश्न मंच विधा का आयोजन



**निवाली।** नगर के पद्मश्री स्व. कांता बहन त्यागी शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अभय जैन ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 2025-2026 अंतर्गत युवा उत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। यह युवाओं को समाज में उनकी भूमिका के महत्व और उसे आकार देने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उसका जश्न मनाने का अवसर प्रदान करता है। यह उत्सव युवाओं को खुद को अभिव्यक्त करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक मंच भी प्रदान करता है। मंगलवार प्रथम दिवस वाद-विवाद, प्रश्न मंच और रंगोली गतिविधियों का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर हुआ। प्रभारी डॉ बीएस चौहान ने बताया कि विद्यार्थियों को एक ऐसा सामूहिक अवसर एवं मंच प्रदान करना जहां वे अपनी संगीत, कलात्मक, रूपांकन, रंग मंचीय एवं साहित्यिक क्षमता व प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सके और इस प्रकार की युवा उत्सव प्रतियोगिता से युवाओं में सृजनात्मकता का विकास होता है। उसके बाद छात्र-छात्राओं ने वाद विवाद एवं प्रश्न मंच विधा का आयोजन किया। डॉ पीसी किराड़े कार्यक्रम का संचालन डॉ अनारसिंह किराड़े ने किया। अंत में आभार व्यक्त डॉ सुल्तान मोरे ने किया। कार्यक्रम में डॉ शारदा खरते, सुधा टेटवाल, गौरव सोनी, करण बामनिया, रवि नामदेव और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मेहनत और निष्ठा ने दिलाई पदोन्नति

इंदौर. एक उत्कृष्ट कंपनी की पहचान सिर्फ उसके काम या उपलब्धियों से नहीं, बल्कि तब होती है, जब वह अपने साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों को लेकर आगे बढ़ती है. पब्लिक रिलेशन्स कंपनी, पीआर 24×7 इसी विश्वास के साथ विकास कर रही है कि कोई संगठन तभी मजबूत बनता है, जब वह अपने एम्प्लॉयीज़ को उनकी पूरी क्षमता दिखाने और नए आयाम हासिल करने के भरपूर अवसर दे. इसे ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने अपने 8 एम्प्लॉयीज़ का प्रमोशन कर उन्हें नई जिम्मेदारियाँ सौंपी, जो न सिर्फ कंपनी के 2.0 सफर को गति प्रदान करेगा, बल्कि एम्प्लॉयीज़ के व्यक्तिगत और पेशेवर विकास को भी बढ़ावा देगा. पीआर 24×7 के फाउंडर, अतुल मलिकराम ने कह एक कंपनी की सफलता में उसमें कार्यरत एम्प्लॉयीज़ के वर्षों के कार्य अनुभव जुड़कर कई गुना विकास में योगदान देते हैं. आज जिन साथियों को प्रमोशन मिला है, वह उनकी मेहनत का नतीजा ही नहीं, बल्कि पूरी टीम की एकजुटता और सहयोग का प्रमाण है.

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने मप्र में किया विस्तार

इंदौर. स्कोडा ऑटो इंडिया ने मध्य प्रदेश में अपने नेटवर्क का और विस्तार करते हुए इंदौर में दो नए कस्टमर टचपॉइंट्स का शुभारंभ किया है. इन नए सेल्स आउटलेट्स को श्याम संगम ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है. ये शोरूम गीता भवन और भंवरकुआं में स्थित हैं. स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा मध्य प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार है, और इंदौर के इन नए डीलरशिप्स के ज़रिए हम ग्राहकों के और करीब पहुँच रहे हैं. यह विस्तार भारत में सुरक्षा, मूल्य और विश्वस्तरीय अनुभव के साथ स्कोडा की विरासत को और मज़बूत करता है. हमारा लक्ष्य देशभर में बेहतर कनेक्टिविटी और ग्राहकों को शानदार सर्विस प्रदान करना है.

## फैबइंडिया का नया स्वर्णिम 2025 कलेक्शन

इंदौर. रोशनी, स्नेह और उल्लास के इस मौसम में, फ़ैबइंडिया ने अपने स्वर्णिम दिवाली 2025 कलेक्शन पेश किया है. गहरे पर्पल और ब्लू शेड्स से बना यह कलेक्शन पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक डिज़ाइन के साथ जोड़ता है, जो त्योहार के दौरान पहनावे और उपहार दोनों के लिए उपयुक्त है. फ़ैबइंडिया के तैयार किये गए प्रत्येक पीस में भारतीय कारीगरी के प्रति प्रतिबद्धता झलकती है। यह कलेक्शन हस्तनिर्मित कपड़ों और बारीक हस्तकला को आधुनिक डिज़ाइन के साथ जोड़ता है साथ ही हमारे भारतीय विरासत को दर्शाता है जिसमे परंपरा और आधुनिकता का परिपूर्ण मेल है. इस कलेक्शन को पूरे परिवार के लिए खास रूप से तैयार किया गया है, महिलाओं के लिए सुंदर कढ़ाईदार और प्रिंटेड कुर्ते, ट्यूनिक और सिल्क साड़ियाँ हैं; पुरुषों के लिए पारंपरिक स्पर्श के साथ बने मॉडर्न कट्स वाले कुर्ता और बंदगला जैकेट उपलब्ध हैं.

## अनुसंधान के लिए तार्किक होना आवश्यक

इंदौर. अनुसंधान, तर्क और विश्लेषण का कारक बुधग्रह है, जब बुध मजबूत होता है और शुभ ग्रहों के साथ युति करता है, तो यह अनुसंधान क्षमता को बढ़ाता है, जबकि शुक्र ग्रह रचनात्मकता और नवाचार का कारक है, बृहस्पति ग्रह अनुसंधान में गहराई और विस्तार को बढ़ाता है. श्री जैन प्राच्यविद्या अनुसंधान संगठन द्वारा मनुश्री नगर में आयोजित संगोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र सिंघई ने संबोधित किया, इस अवसर पर विशेष अतिथि एम के जैन, पंडित प्रकाश गौड़, किरण मेहता, अर्चना राजवाल का सम्मान प्रीति पाडलिया, सुषमा जैन, ज्योति जैन, श्वेता जैन ने किया, कार्यक्रम का संचालन डॉ मनीष चेलावत ने एवं अभार अनुभा जैन माना.

## अमेजन ग्रॉसरी के साथ दिवाली को बनाएं खास

इंदौर. 22 सितंबर से शुरू हुआ अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल2025, पूरे भारत में ग्राहकों के लिए खुशी और समृद्धि का मौसम लेकर आया है. अमेजनग्रॉसरी आवश्यक वस्तुओं, त्योहारी उपहारों और गॉरमेट उत्पादों की श्रेणियों में मजबूतवृद्धि देख रहा है, जो दर्शाता है कि ग्राहक किस तरह से स्वास्थ्य-सचेत विकल्पों कोपारंपरिक पसंद के साथ मिला रहे हैं. बेरी और एवोकाडो जैसे प्रीमियम फलों की बिक्रीक्रमश: 3 गुना और 2 गुना बढ़ी है, जबकि सूखे मेवों की मांग 21 गुना बढ़ी है, जो प्रीमियमऔर वेलनेस-केंद्रित उपहार देने की प्रवृत्ति में बढ़ोतरी को दर्शाता है. जैसे ही ग्राहक धनतेरस और दिवाली की तैयारी कर रहे हैं, अमेजन फ्रेश और एवरीडेएसेंशियल्स ने विशेष त्योहारी स्टोरफ्रंट्स पेश किए हैं, इंडियन स्वीट्स स्टोर, धनतेरसस्टोर, ड्राई फ्रूट स्टोर, गिफ्टिंग स्टोरफ्रंट और जीएसटी बचत उत्सव. ये स्टोरपारंपरिक व्यंजनों, प्रीमियम ड्राई फ्रूट्स, गिफ्टिंग हैम्पर्स और त्योहारी आवश्यक वस्तुओंका एक विशेष चयन पेश करते हैं ताकि ग्राहक सुविधा, ताजगी और बेहतरीन मूल्य केसाथ त्योहार मना सकें.

# मुख्य मार्गों से निकला पथ संचलन

### नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत, स्वयंसेवकों ने किया शारीरिक समता का प्रदर्शन



**पानसेमल, (नवभारत)।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकला गया। जिसमें नगर सहित आसपास ग्रामों से भी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। नगर के पवन गार्डन में स्वयंसेवक एकत्रित हुए। संचलन के पूर्व स्वयंसेवकों ने शारीरिक समता का प्रदर्शन करते हुए दंड प्रहार किया। वहीं इसके बाद सामूहिक आसन कराए गए।

पिपरी निवासी संघ विभाग ग्राम विकास संयोजक संतोष यादव ने बोद्धिक में बताया कि सन 1925 में नागपुर में डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की और निरंतर संघ कार्य करते हुए समाज जागरण का कार्य किया।

छोटी सी शाखा से संचालित संघ अब एक वटवृक्ष बन चुका है। स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। उन्होंने संघ की शुरुआत से लेकर वर्तमान में संघ की स्थिति के बारे में जानकारी दी तथा आजादी के पहले और आजादी के बाद संघ के तत्कालीन समय के बारे में बताते हुए कहा कि हमें सदैव कर्म प्रधान रहना चाहिए और हमारे नागरिक होने के नाते नागरिक के जो कर्तव्य है उसके अनुसार पर्यावरण संरक्षण, कुटुबं प्रबोधन और राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव लेकर कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ना चाहिए।

आयोजन में दिनेश चौधरी ने अध्यक्षता की खंड संघ चालक श्रीराम नंद्राले, नगर कार्यवाह राहुल अग्रवाल सहित संघ पदाधिकारी, घोष वाहिनी एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे। संचलन उत्तर गली नया प्लॉट, जलगोन रोड़, धानक मोहल्ला, भोई प्लॉट, नया प्लॉट, बस स्टैंड, मेन रोड़, जवाई नगर, बढ़पुरा मोहल्ला सहित अन्य मार्गों से निकला। आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे, थाना प्रभारी मंशाराम वगेन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सामाजिक संगठनों, हिंदू संगठनों ने स्वागत द्वार लगाकर जगह-जगह पुष्पवर्षा की।

**सामूहिक आसन कराए**
- दंड प्रहार के बाद कराए गए सामूहिक आसन।
- आसपास के ग्रामों से भी स्वयंसेवकों ने लिया भाग।

# छात्रों ने आकर्षक चित्रों से दिया ऊर्जा बचत का संदेश




**बड़वानी, (नवभारत)।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार विद्यालयीन स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल में ऊर्जा संरक्षण चित्रकला प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने ऊर्जा बचत एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर सृजनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। छात्रों ने आकर्षक व सार्थक चित्रों से ऊर्जा संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया।

प्रमोद शर्मा व सुशीला चौहान जिला शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण कर प्रदर्शनी की प्रशंसा की। आयोजन प्राचार्य संतोष मिश्रा के मार्गदर्शन व वरिष्ठ शिक्षिका संध्या दशोरे के नेतृत्व में हुआ। संचालन में सुनीता खान का सहयोग रहा।

प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्र सचिन सेंगर, अंबराम अवासे, साजन अवासे, प्रदीप मोरे, मनीष डूडवे, सुरेश अलावे एवं विजय निगवाले सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट चित्र प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें ऊर्जा संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया।

# जनसुनवाई में एसपी ने सुनी जनता की आवाज

**बड़वानी, (आरएनएन)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई में एसपी जगदीश डावर ने आमजनों की समस्याएं सुनी। उनके त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। एसपी डावर ने कहा कि हर शिकायत का निस्तारण वैधानिक प्रक्रिया के तहत अधिकतम 7 दिनों में होना चाहिए। जनता का भरोसा समयबद्ध कार्रवाई से ही मजबूत होता है।



शिकायतों को प्राथमिकता से दर्ज कर कार्रवाई के दिए निर्देश। पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अनावश्यक विलंब न करे। एसपी ने अपील की कि जनता निडर होकर अपनी समस्याएं जनसुनवाई में रखे। पुलिस हर संभव मदद और त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

**एक नजर में** — नर्मदा परिक्रमा और प्रकृति संरक्षण के संदेश के साथ दिया आशीर्वचन

# सद्गुरु दादा गुरु पधारे, भक्तों ने किया स्वागत

**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा, 15 अक्टूबर**

निरंतर नर्मदा पैदल परिक्रमा करते हुए नदी, जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले सद्गुरु दादा गुरु अपने निजी प्रवास के दौरान मंगलवार को सेंधवा पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष बसंतीबाई यादव और भाजपा नेता संजय यादव के निवास पर दादा गुरु का आगमन हुआ। जहां भाजपा नेता एवं समाजसेवी संजय यादव सहित परिवारजन और श्रद्धालुओं ने उनकी अगवानी की। यहां आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने उनके दर्शन किए और राम नाम संकीर्तन का आयोजन हुआ।



आशीर्वचन के दौरान दादा गुरु ने कहा कि आज विश्व अनेक आपदाओं, बीमारियों और संकटों से जूझ रहा है और ऐसे समय में भारत की सनातन संस्कृति ही वह शक्ति है जो हर समस्या का समाधान प्रस्तुत कर सकती है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति नदियों, वृक्षों, गौ और माटी को मां के रूप में पूजने की भावना सिखाती है। गंगा, यमुना, गोदावरी और नर्मदा जैसी नदियां हमारे लिए मात्र जलधारा नहीं, बल्कि शक्तिस्वरूप हैं।

दादा गुरु ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी माटी, संस्कृति और परंपरा से जुड़ा रहता है, उसके अस्तित्व को कोई नहीं मिटा सकता। उन्होंने सभी से अपील की कि मां धरा की सेवा करें, चाहे वह नदियों, गौवंश या पर्यावरण के रूप में हो। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सेंधवा क्षेत्र भी स्वच्छता और पवित्रता का प्रतीक बनेगा और हर परिवार को नर्मदा मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, यही सच्ची सेवा व संरक्षण का सबसे बड़ा संकल्प है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**दादा गुरू ने कहा**

दादा गुरु ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी माटी, संस्कृति और परंपरा से जुड़ा रहता है, उसके अस्तित्व को कोई नहीं मिटा सकता।

# बूथ स्तर पर घर-घर जाकर कार्यकर्ता कराएंगे हस्ताक्षर : चौकसे

**कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान कल**

**इंदौर. कांग्रेस द्वारा 15 अक्टूबर को वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा. उक्त अभियान सभी 85 वार्ड में एक साथ चलेगा. ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर भी जानता से हस्ताक्षर करवाएंगे.**

उक्त निर्णय शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने आज गांधी भवन में आयोजित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष और वार्ड अध्यक्ष की बैठक में लिया है. शहर कांग्रेस के नए प्रभारी संजीव सक्सेना एवं विधानसभा प्रभारियों की मौजूदगी में बैठक हुई. बैठक को संबोधित करते हुए चौकसे ने कहा कि नगर प्रदेश और देश में भाजपा द्वारा वोट की चोरी करके सरकार बनाने का काम किया जा रहा है. राहुल गांधी ने तथ्य इकट्ठा कर पूरे देश के सामने इस हकीकत को उजागर कर दिया है. अब कांग्रेस के द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ पूरे देश में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है. चौकसे ने बताया कि इस कड़ी कल इंदौर में कांग्रेस द्वारा चलाया जाएगा. कल सुबह 10 से 12 बजे तक शहर के सभी 85 वार्ड में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा. उक्त सभी वार्ड के प्रमुख चौराहों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नागरिकों से हस्ताक्षर कराए जाएंगे. इसके बाद में इसी दिन बूथ स्तर पर कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर भी लोगों से हस्ताक्षर करवाएंगे. बैठक में राजेश चौकसे, श्यामसुंदर यादव, पिंटू जोशी, शैलेश गर्ग, नकुल पाटोदी, पार्षद राजू भदौरिया, शादिक ख़ान, सुदामा चौधरी, सोनीला मिमरोट, कुणाल सोलंकी, गिरधर नागर, देवेंद्र यादव, संजय बाकलीवाल, इम्तियाज़ वेलिम, सच सलूजा, लक्ष्मी नारायण पाठक, हरनाम सिंह धारीवाल एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित थे.




# डॉ. कनक को मिला द्वितीय स्थान

**इंदौर.** एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज की एम.डी. (बायोकेमिस्ट्री) की शोधार्थी डॉ. कनक द्विवेदी चतुर्वेदी ने एक बार फिर शहर का नाम रोशन किया है. ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में आयोजित इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स की क्षेत्रीय सम्मेलन एवं डॉ. जे.एन. मोंगा ओरेशन एंड रीजनल सीएमई-2025 में उन्होंने साइंटिफिक पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया.

डॉ. कनक के पोस्टर का विषय सीरम कैल्शियम एंड फॉस्फेट लेवल इन रूमेटाइड आर्थराइटिस रहा, जिसे निर्णायकों ने आज के समय की जरूरत और चिकित्सा क्षेत्र में उपयोगी विषय बताते हुए अत्यंत सराहा. उनके इस अध्ययन में रूमेटाइड आर्थराइटिस से पीड़ित रोगियों में सीरम कैल्शियम व फॉस्फेट के असंतुलन की भूमिका पर महत्वपूर्ण प्रकाश डाला गया है. चिकित्सा क्षेत्र के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने डॉ. कनक के इस प्रयास को सराहते हुए कहा कि उनका शोध भविष्य में रूमेटाइड आर्थराइटिस के बेहतर निदान और उपचार के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है. यह उपलब्धि एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज इंदौर के लिए गर्व का विषय है.





# सरकारी स्कूलों के बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

**इंदौर.** जायंट्स ग्रुप ऑफ मालवा एवं सुप्रभात क्लब (ग्रामीण) की ओर से सांवेर रोड स्थित रिंगनोदिया में सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को दीपावली की पूर्व बेला में शिक्षण सामग्री एवं फलों का वितरण पूर्व पार्षद विजय यादव एवं जायंट्स की केंद्रीय कमेटी के सदस्य श्याम गोयल के आतिथ्य तथा काशी-विश्वनाथ मंदिर के पुजारी पं. गोपाल शास्त्री के विशेष आतिथ्य में किया गया. इस मौके पर फेडरेशन के उपाध्यक्ष रमणिक सोनी, ग्रुप अध्यक्ष सुनील पांडे, एम.जी. पारीख, सुप्रभात क्लब के अध्यक्ष मनोहर सिंह राठौड़, संयोजक डॉ. प्रवीण शर्मा, जगदीश श्रीवास भी उपस्थित थे. संचालन जगदीश श्रीवास ने किया और आभार माना एमजी पारीख ने. कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक समाजसेवी एवं उद्योगपति भी शामिल थे.

# आज की युवा पीढ़ी के पास असीम शक्ति है : डॉ. दीक्षित

**एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन**

**इंदौर.** श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में शोध की कला में निपुणता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी में देशभर के शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए शोध के विभिन्न आयामों पर अपने विचार एवं शोध प्रस्तुत किए.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदौर संभाग के उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. आरसी दीक्षित तथा विशेष अतिथि वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. योगेश गोस्वामी रहे. मुख्य अतिथि डॉ. दीक्षित ने कहा आज की युवा पीढ़ी के पास असीम शक्ति है, बस उन्हें आवश्यकता है हनुमान की तरह अपनी शक्ति को पहचानने की. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और मेहनत ही सफलता की कुंजी है. विशेष अतिथि डॉ. गोस्वामी ने कहा आज के युग में वही व्यक्ति सफल हो सकता है जो शारीरिक और मानसिक रूप से फिट हो. शोध वही सार्थक है जो समाज के लिए उपयोगी और प्रासंगिक हो. स्वागत उद्बोधन महाविद्यालय शासकीय निकाय सचिव महेश चिमनानी ने दिया. अतिथि परिचय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने दिया. शासकीय निकाय अध्यक्ष अरविंद जी ने कहा कि किसी भी शोध के लिए लगन, जिज्ञासा और लक्ष्य पर पैनी नज़र आवश्यक है.





**नवाचार की दृष्टि आवश्यक**

संगोष्ठी का प्रथम सत्र डॉ. एस. एम. अनस इकबाल निदेशक विशिष्ट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ द्वारा संचालित किया गया. द्वितीय सत्र डॉ. महेश जोशी एसोसिएट प्रोफेसर, सेंट पॉल इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़ ने लिया. उन्होंने डेटा एनालिसिस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफल शोध के लिए स्ट्रेटेजिक माइंड, टीम वर्क और नवाचार की दृष्टि आवश्यक है. आभार प्रदर्शन प्रथम सत्र प्रो. एरन एवं द्वितीय सत्र डॉ अंशु मिश्रा द्वारा किया गया. संचालन डॉ. मनीष दुबे ने किया.

**एक नजर में** — जीतो का अनूठा सामाजिक उत्सव, 2000 से अधिक बच्चों के साथ गूंजी खुशियां

# दीपों से नहीं, मुस्कानों से जगमगाई सेवा वाली दिवाली

**इंदौर.** इस बार दिवाली केवल दीपों की रोशनी से नहीं, बल्कि मुस्कानों की चमक से जगमगा उठी। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) द्वारा आयोजित सेवा वाली दिवाली ने इस पावन पर्व को नई दिशा दी, जहां उत्सव के साथ सेवा, संवेदना और समर्पण का संदेश पूरे शहर में गूंजा. सोमवार की शाम ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में शहर भर के 2000 से अधिक अनाथ एवं विशेष रूप से सक्षम (स्पेशियली एबल्ड) बच्चों ने हिस्सा लिया. बच्चों की मुस्कान और युवाओं के जोश ने इस शाम को एक यादगार सामाजिक पर्व में बदल दिया.



**बाल कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति**

जीतो के प्रतिनिधि प्रतीक सूर्या ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया बाल कलाकारों और स्वयंसेवकों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. नृत्य, संगीत, नाटक और कविताओं से भरे इस मंच ने प्रेम, करुणा और सामूहिकता का संदेश दिया.

# पुष्य नक्षत्र का शुभ मुहूर्त डी पी ज्वेलर्स पर आज और कल

**इंदौर.** डीपी ज्वेलर्स पर मुहूर्त से जुड़ी ग्राहकों की भावना का सम्मान करते हुए शोरूम आज अपने तय समय से पहले खोला जाएगा. ग्राहक सुबह से देर रात तक खरीदी का लाभ आज और कल ले सकते हैं. यहां आपके लिए शगुन के सोने व चांदी के सिक्के, चांदी के आर्टिकल्स, हॉलमार्क गोल्ड व 100% नेचुरल डायमंड ज्वेलरी का नायाब कलेक्शन उपलब्ध है.

डी पी ज्वेलर्स ने इस साल त्यौहारों के अवसर पर अपना नया स्पेशल फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च किया है. इस कलेक्शन की खासियत यह है कि इसमें गोल्ड, डायमंड और पोल्की ज्वेलरी के अनोखे डिज़ाइन्स शामिल किए गए हैं,

